# आदर्श प्रश्नपत्र (2026–27)

**विषय–हिन्दी**

**कक्षा–नौवीं**

**समय अवधि–3 घण्टे** **अधिकतम अंक– 80**

**विशेष निर्देशः–**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के अंक सामने दिए गऐ हैं।
2. प्रश्न के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सुलेख व वर्तनी का विशेष ध्यान रखिए।

## खण्ड–क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 16 तक में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों में से एक सही विकल्प का चुनाव कीजिए। (1 x 16 = 16)

प्रश्न 1. हमारे भारतीय संविधान में कुल कितनी भाषाओं को मान्यता प्राप्त है–
(क) 20 (ख) 22 (ग) 50 (घ) 30

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए;–
कथन– ऊष्म व्यंजन संख्या में चार होते हैं।
कारण– इनका उच्चारण करते समय मुख से गर्म ऊष्मा निकलती है।
(क) कथन गलत है, किंतु कारण सही है।
(ख) कथन और कारण दोंनो गलत है।
(ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।
(घ) कथन सही है किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

प्रश्न 3. सु + आगत की संधि है–
(क) स्वागत (ख) सुवागत (ग) सुआगत (घ) सुगावत

प्रश्न 4. 'ऐहिक' शब्द का विलोम शब्द है–
(क) दैहिक (ख) ऐच्छिक (ग)पारलौकिक (घ) अलौकिक

प्रश्न 5. 'स्वयं' शब्द सर्वनाम के किस भेद के अन्तर्गत आएगा –
(क) पुरूषवाचक (ख) संबंधवाचक (ग) निजवाचक (घ) निषेधवाचक

प्रश्न 6. निम्न में से 'पाठशाला' किस समास का उदाहरण हैं?
(क) तत्पुरूष (ख) द्विगु (ग) द्वन्द्व (घ) कर्मधारय

प्रश्न 7. 'कोकिल' शब्द स्त्रोत के आधार पर किस भेद के अन्तर्गत आता है–
(क) विदेशी (ख) देशज़ (ग) तद्भव (घ) तत्सम

प्रश्न 8. कथन – अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद माने जाते हैं।
कारण – वाक्यों का विभाजन उनके भाव और उद्देश्य के आधार पर किया जाता है।
(क) कथन सही है, किन्तु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।
(ख) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या है।
(ग) कथन गलत है लेकिन कारण सही है।
(घ) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

प्रश्न 9. 'सूर्य' निकलते ही किसान खेत जोतने चला गया। वाक्य भेद बताएँ।
(क) संयुक्त (ख) सरल (ग) मिश्र (घ) विधानवाचक

प्रश्न 10. 'कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है –
(क) खुश होना (ख) भेद खुल जाना (ग) मूर्ख व्यक्ति (घ) लज्जित होना

प्रश्न 11. 'रमा' कपडे धोती है– वाक्य में कौन सी क्रिया है–
(क) अकर्मक (ख) प्रेरणार्थक (ग) नामधातु (घ) सकर्मक

प्रश्न 12. कर्तृवाच्य छांटिए;–
(क) राम द्वारा चाय बनाई गई। (ख) मुझसे चला जाता है।
(ग) गीता फल काटती है। (घ) राधा द्वारा नाचा जाता है।

प्रश्न 13. हरिशंकर परसाई' ने अपने लेख में किस लेखक के बारे में बताया है?
(क) जाबिर हुसैन (ख) महादेवी वर्मा (ग) प्रेमचंद (घ) कबीर

प्रश्न 14. 'दो बैलों की कथा' – कहानी में बैलों के नाम थें।
(क) हीरा–पन्ना (ख) हीरा–मोती (ग) मोती–हीरा (घ) हीरो–मोटी

प्रश्नः15. 'कालिंदी कूल कदंब की डारन'– पंक्ति में कौन सा अलंकार है–
(क) उपमा (ख) रूपक (ग) अनुप्रास (घ) पुनरूक्ति प्राकाश

प्रश्नः16. 'मेरे संग की औरतें'– पाठ के लेखक/लेखिका का नाम है–
(क) फणीश्वर नाथ रेणु (ख) जगदीश चंद्र माथुर (ग) प्रेमचंद (घ) मृदुला गर्ग

## खण्ड–ख अपठित अवबोधन

प्रश्नः17. निम्नलिखित अवठित गद्याँश को पढकर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर लिखें।
(1x8=8)

आज के समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। तेजी से बढ़ते औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण वनों की कटाई हो रही हैं, जिसमें प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। वायु और जल प्रदूषण भी बढ़ते जा रहे हैं, जो मानव जीवन के लिए खतरा बन चुके हैं। यदि समय रहते सचेत नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों को इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।

प्रकृति हमें जीवन के लिए आवश्यक सभी संसाधान प्रदान करती है, इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम उसका संरक्षण करें। पेड़ लगाना, जल की वचत करना और प्रदूषण कम करना हमारे छोटे–छोटे प्रयास है, जो भविष्य में बड़े बदलाव ला सकते हैं।

1. पर्यावरण संरक्षण क्यों आवश्यक है?
2. गद्यांश में किन दो प्रकार के प्रदूषणों का उल्लेख किया गया है?
3. वनों की कटाई से क्या हानि होती है?
4. प्रकृति हमें क्या देती है?
5. इस गद्याँश का एक तिहाई सार लिखिए।
6. गद्याँश में बताए गए कारण और परिणाम को अलग–अलग लिखिए।
7. जल संरक्षण के लिए कोई एक उपाय लिखिए।
8. क्या आपको लगता है कि केवल सरकार ही पर्यावरण संरक्षण कर सकती है? अपने विचार दीजिए।
9. निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त उत्तर लिखिए।
   कथन–यदि हम सचेत नहीं हुए, तो भविष्य में गंभीर परिणाम होंगे
   कारण– पर्यावरणीय समस्याएँ समय के साथ बढ़ती जाती है।

## खण्ड–ग पाठयपुस्तकों पर आधारित

प्रश्नः18. अपनी पाठ़यपुस्तक 'क्षितिज' पर आधारित निम्न गद्याँशों में से पूछे गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
(1+1+4=6)

उन जैसा 'बर्ड वाचर' शायद ही कोई हुआ हो। लेकिन एकांत क्षणों में सालिम अली बिना दूरबीन भी देखे गए हैं। दूर क्षितिज तक फैली जमीन और झुके आसमान को छूने वाली उनकी नज़रों में कुछ–कुछ वैसा ही जादू था, जो प्रकृति को अपने प्रभाव में लाने के कायल होते हैं। उनके लिए प्रकृति में हर तरफ़ एक हँसती–खेलती रहस्य भरी दुनिया पसरी थी। यह दुनिया उन्होंने बड़ी मेहनत से अपने लिए गढ़ी थी।

(अ) कथन – सालिम अली को महान 'बर्ड वाचर' कहा गया है।
कारण – वे प्रकृति को सूक्ष्म दृष्टि से देखते और समझते थे।
(क) कथन और कारण दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
(ख) कथन और कारण दोनों सही है लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
(ग) कथन सही है लेकिन कारण गलत है।
(घ) कथन गतल है और कारण सही है।

(व) कथन – सालिम अली बिना दूरबीन के भी प्रकृति को देख सकते थे।
कारण – उनकी निरीक्षण शक्ति बहुत गहरी और प्रभावशाली थी।
(क) कथन और कारण दोनों सही है।
(ख) कथन और कारण दोनों गलत है।
(ग) कथन सही है और कारण गलत है।
(घ) कथन गतल है और कारण सही है।

(स) स्तम्भ 'क' के कथन का स्तम्भ 'ख' के परिणाम से मिलान करो।

| 'क' कथन | 'ख' परिणाम |
|---|---|
| (i) एकांत क्षणों में सालिम अली देखे जा सकते हैं। | प्रकृति अध्ययन से |
| (ii) सालिम अली की दुनिया मूलतः इन तत्वों से बनी थी। | प्रकति को प्रभावित करते थे। |
| (iii) सालिम अली का प्रकृति से गहरा रिश्ता था। | बिना दूरबीन के |
| (iv) यह दुनिया उन्होंने सही मेहनत से अपने लिए गढ़ी थी। | सालिम अली ने |

प्रश्नः19. अपनी पाठ्यपुस्तक 'क्षितिज' पर आधारित निम्न काव्याँश में से पूछे गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3x2=6)

कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह–सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं।
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे ?

1. बच्चे सुबह–सुबह कहाँ जा रहें ? ''कोहरे से ढंकी सड़क'' का क्या अर्थ है?
2. यदि आप ऐसे बच्चों को देखें, तो आप उनकी मदद के लिए क्या कर सकते हैं ?
3. इस काव्याँश में कौन सी सामाजिक समस्या को दर्शाया गया है?
4. क्या बच्चों का काम पर जाना उचित है? अपने विचार प्रकट करें।

प्रश्नः20. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नो के उत्तर दीजिएः– (3x3=9)

क) छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया और यदि छोटी बच्ची की जगह आप होते तो क्या करते ?

ख) लेखक ने उपभोक्ता संस्कृति को हमारे समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है ? आपके अनुसार वस्तुओं को खरीदने का आधार वस्तु की गुणवत्ता होनी चाहिए या उसका विज्ञापन तर्क देकर स्पष्ट करें।

ग) किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों ?

घ) 'मेघ आए' कविता की इन पंक्तियों का काव्य–सौन्दर्य लिखिए–
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के।
मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के।

प्रश्नः21. पूरक पाठ्य–पुस्तक 'कृतिका' के आधार पर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2x4=8)

क) आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से कुछ सुझाव दीजिए।

ख) 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर अपनी कल्पना से लिखिए कि पर दादी ने पतोहू के लिए पहले बच्चे के रुप में लड़की पैदा होने की मन्नत क्यों माँगी ?

ग) रामस्वरुप और गोपाल प्रसाद बात–बात पर ''एक हमारा जमाना था......'' कहकर अपने समय की तुलना वर्तमान समय से करते हैं। इस प्रकार की तुलना करना कहाँ तक तर्कसंगत है?

## खण्ड–'घ' व्यावहारिक व रचनात्मक अभिव्यक्ति

प्रश्न:22. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपने शब्दों में लिखिए। (5)

आपके विद्यालय में 'वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह' मनाया जा रहा है, इस विषय के बारे में एक 'सूचना' अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

शिक्षक और छात्र के मध्य हुई बातचीत को संवाद शैली में लिखिए।

अथवा

आपके विद्यालय में 'पर्यावरण दिवस' समारोह मनाया गया। इस विषय पर प्रतिवेदन (रिपोर्ट) लिखिए।

प्रश्न:23. कथन – गाँव में सड़के जर्जर हो गई हैं।
कारण – भारी वर्षा के कारण रास्ते टूट गए हैं।
कथन और कारण के आधार पर अपने जिला के जिलाधिकारी महोदय को सड़क निर्माण हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए (6)

अथवा

अपने छोटे भाई/बहन को कुसंगति से दूर रहने का महत्व बताते हुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न:24. निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निर्देशित बिन्दुओं के आधार पर अपने शब्दों में (200–250) शब्दों में निबंध लिखिए। (8)

(1) समाचार पत्रः– भूमिका
जनप्रतिनिधि
विविधता व समाज सुधार
विज्ञापन व हानियाँ
उपसंहार

(2) पर्यावरण संरक्षणः– भूमिका
पर्यावरण का महत्तव
प्रदूषण के कारण और दुष्प्रभाव
संरक्षण के उपाय
निष्कर्ष या उपसंहार

(3) मोबाइल फोन के :– लाभ और हानियां
भूमिका
मोबाइल का महत्व
लाभ और हानियां
विद्यार्थियों पर प्रभाव
उपसंहार

प्रश्न:25. केस स्टडी : अनुच्छेद पढ़कर पूछे गए किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें :– (4x2=8)

रवि एक मेहनती और ईमानदार छात्र है वह प्रतिदिन विद्यालय जाता है और अपने सभी कार्य समय पर पूरा करता है। उसके शिक्षक उसकी प्रशंसा करते हैं।

क) अनुच्छेद में प्रयुक्त विशेषण शब्द छांटकर लिखिए।
ख) 'मेहनती छात्र' में विशेषण और विशेष्य पहचानिए।
ग) 'ईमानदार' शब्द में किस प्रकार का विशेषण है।
घ) रवि के व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए दो नए विशेषण शब्दों का प्रयोग करें।
ड) विशेषण के भेदों के नाम लिखें।

अथवा

केस स्टडी : विद्यालय में प्रतिदिन प्रार्थना सभा होती है। विद्यार्थी सदैव अनुशासन का पालन करते हैं।

क) 'विद्यालय' शब्द में कौन सी संधि है।
ख) 'सदैव' शब्द का संधि–विच्छेद करें।
ग) विद्या + अर्थी की संधि करें।
घ) संधि के कितने भेद होते हैं?
ड) 'अयादि संधि' का उदाहरण लिखिए।

# (BLUE – PRINT)

कक्षा – दसवीं
विषय – हिंन्दी

WEIGHATAGE TO OBJECTIVES :

<table>
<tr><th>Marks</th><th>Objectives</th><th>Total Question</th><th>Knowledge Based</th><th>Understanding</th><th>Application Based</th><th>Analysis Based</th><th>Case Study Based</th><th>Creating & Evaluating</th></tr>
<tr><td>16</td><td>बहुवैकल्पिक प्रश्न</td><td>16</td><td>06</td><td>07</td><td>01</td><td>01</td><td>01</td><td>-</td></tr>
<tr><td>08</td><td>अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न (अतिलघु उत्तरात्मक प्रश्न)</td><td>01 (उपभाग 08)</td><td>उपभाग 01</td><td>उपभाग 01</td><td>उपभाग 02</td><td>उपभाग 01</td><td>उपभाग 01</td><td>उपभाग 01+01</td></tr>
<tr><td>12</td><td>क्षितिज पठित गद्यांश व पद्यांश पर आधारित प्रश्न (क्षितिज पुस्तक पर आधारित ) (लघु उत्तरात्मक)</td><td>02 उपभाग 3+3</td><td colspan="6" rowspan="3">ये सभी लघु उत्तरात्मक प्रश्न PARAKH/blooms taxonomy के आधार पर ज्ञान, समझ, अनुप्रयोग, विश्लेषण, सृजन व मूल्यांकन इन सभी स्तरों पर आधारित है।</td></tr>
<tr><td>09</td><td>क्षितिज पुस्तकपर आधारित लघु उत्तरात्मक प्रश्न</td><td>01 उपभाग 3</td></tr>
<tr><td>08</td><td>कृतिका पूरक पुस्तक के पाठों पर आधारित लघु उत्तरात्मक प्रश्न</td><td>01 उपभाग 2</td></tr>
<tr><td>05</td><td>व्यावहारिक व सृजनातमक अभिव्यक्ति सूचना, संवाद, प्रतिवेदन, संदेश लेखन पर आधारित वैकल्पिक प्रश्न</td><td>01</td><td colspan="6" rowspan="3">ये सभी दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न PARAKH/blooms taxonomy के आधार पर सभी स्तरों पर आधारित है।</td></tr>
<tr><td>06</td><td>पत्र लेखन : औपचारिक या अनौपचारिक(विकल्प सहित)</td><td>01</td></tr>
<tr><td>08</td><td>निबन्ध लेखन (विकल्प सहित)</td><td>01</td></tr>
<tr><td>08</td><td>व्याकरण पर आधारित लघु उत्तरात्मक प्रश्न</td><td>01 उपभाग 4</td><td colspan="6">ये प्रश्न ज्ञान, समझ, और अनुप्रयोग स्तर पर आधारित है।</td></tr>
<tr><td>80</td><td></td><td></td><td colspan="6"></td></tr>
</table>

# Format of Design
# Question Paper/Test

**Subject:** **Hindi** **Marks:** **80**

**Class:** **9th** **Time:** **3 Hrs**

## 1. Weightage to Objectives

| Objective | Knowledge of language elements | Comprehension | Expression | Appreciation | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| Percentage of Marks | 30.-35% | 17-20% | 17-20% | 25% | 100% |
| Marks | 33 | 14 | 14 | 19 | 80 |

## 2. Weightage to Form of Question

| Forms of Questions | E/LA | SA | VSA | O (MCQ) | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| No. of Questions | 03 | 05 | 18 | 16 | 42 |
| Marks allotted | 19 | 17 | 28 | 16 | 80 |
| Estimated time | 50 min | 55 min | 55 min | 20 min | 3 Hrs (180 Min) |

## 3. Weightage to Major Content Areas

| S.No. | Unit/Sub-Units | Marks |
|---|---|---|
| 1 | खण्ड–क (बहुवैकल्पिक) | 16 |
| 2 | खण्ड–ख (अपठित गद्याँश पर प्रश्न) | 08 |
| 3 | खण्ड–ग (पाठ्य पुस्तकों से लघु व अतिलघुतरात्मक) | 29 |
| 4 | खण्ड–घ (व्यावहारिक व रचनात्मक अभिव्यक्ति (अतिलघु व निबन्धात्मक प्रश्न) | 27 |
| | **Total** | 80 |

## 6. Estimated Difficulty Level

| Estimated Difficulty Level | % Marks |
|---|---|
| Difficult | 20% |
| Moderate | 50% |
| Easy | 30% |

## Index of Abbreviations

E/LA: Essay/Long Answer; SA: Short Answer; VSA: Very Short Answer; O: Objective